पत्रांकः–4076 /SDSUV/प्रशासन/2025
दिनांक– 09 जनवरी, 2025

विज्ञप्ति

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल टिहरी गढवाल में परीक्षा नियन्त्रक के रिक्त 01 पद को रू0 37,400–67,000 (ग्रेड वेतन रू0 9,000) सातवें वेतनमान में पुनरक्षित 13A को 05 वर्ष की अवधि हेतु नियमित नियुक्ति के आधार पर भरा जाना है। इच्छुक एवं अर्ह पदधारकों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। विस्तृत सेवा शर्तें/जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाईट **www.sdsuv.ac.in** पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र कुलसचिव, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल उत्तराखण्ड–249199 के कार्यालय में **दिनांक 30 जनवरी 2025 सायं 05:00 बजे** तक पंजीकृत/स्पीड डाक के माध्यम से स्वीकार किये जायेगें, तत्पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं उन्हे स्वतः ही निरस्त माना जायेगा।

Signed by
Dinesh Chandra
Date: 09-01-2025 14:10:37
(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान, नई टिहरी को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 10 जनवरी 2025 को 6X4 सेमी0 के आकार में उत्तराखण्ड संस्करण में प्रकाशित करने का कष्ट करे तथा 10 प्रतिशत की छूट देते हुये बिल दो प्रतियों में भुगतान हेतु विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. अनु सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
3. निजी सचिव कुलपति जी को, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
4. मुख्य वित्त अधिकारी।
5. विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. नोटिस बोर्ड/कार्यालय प्रति।

–ह0–
(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल।

पत्रांक–4076 / SDSUV / प्रशासन / 2025 दिनांक– 09 जनवरी, 2025

विज्ञप्ति का प्रारूप

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल में परीक्षा नियन्त्रक के रिक्त 01 पद को रू0 37,400–67,000 (ग्रेड वेतन रू0 9,000) सातवें वेतनमान में पुनरक्षित 13A को 05 वर्ष की अवधि हेतु नियमित नियुक्ति के आधार पर भरा जाना है। उक्त पद हेतु निम्नांकित अर्हता रखने वाले पद धारकों से आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं:–

(1)– अनिवार्यः–

शैक्षिकः–उत्तराखण्ड राज्य में किसी राजकीय / अनुदानित महाविद्यालय / राज्य विश्वविद्यालय में नियमित एवं स्थाई प्राध्यापक जो एसोसियेट प्रोफेसर (सह–आचार्य) से निम्न स्तर का न हो।

(2)– अधिमानी अर्हताः–

(क)– भारत में विधि द्वारा स्थापित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में पी0एच0डी0 किया हो।

(ख)– किसी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / राज्य सरकार के किसी संस्थान में परीक्षा कार्यो का संचालन करने का कम से कम 08 साल का अनुभव।

(ग)– हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषा में पत्राचार व नोटिंग एवं ड्राफ्टिंग का समुचित ज्ञान तथा कम्प्यूटर कार्य में दक्ष होना चाहिये।

(घ)– विज्ञप्ति तिथि के दिन अधिकतम आयु 57 वर्ष से अधिक न हो।

उक्त अर्हतायें पूर्ण करने वाले पद धारक / आवेदक पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन (Curriculum Vitae) **सभी संलग्नकों सहित दिनांक 30 जनवरी 2025 सायं 05:00 बजे तक** पैतृक विभाग की अनापत्ति एवं अग्रसारण सहित आवेदन शुल्क 1000.00 (रू0 एक हजार मात्र) डिमान्ड ड्राफ्ट वित्त अधिकारी, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल के नाम तैयार कर **कुलसचिव कार्यालय, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, मुख्यालय बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल** में स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा करेगें। उक्त अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव।

Manoj@Admn